## सार-समाचार

### गांव बालाण में हुई अनुठी शादी, बौद्ध रीति से सम्पन्न हुआ विवाह

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ तहसील के ग्राम बालाण निवासी श्रद्धेय पूर्णाराम निमल उर्फ गुरु जी की सुपुत्री प्रीति का मंगल विवाह झुंझुनू निवासी श्रद्धेय सांवरमल के सुपुत्र सुनिल के साथ बौद्ध रीति-रिवाजों के अनुसार श्रद्धा और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। बुधवार शाम चार बजे मिली जानकारी में मंगलवार व बुधवार की रात हुई इस शादी में यह मंगल पाणिग्रहण संस्कार भंते विनय पाल द्वारा बुद्ध विहार, जय पहाडी के सान्निध्य में सम्पन्न कराया गया। विवाह समारोह में तथागत बुद्ध, परम पूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा भारतीय संविधान को साक्षी मानकर वर-वधू ने एक-दूसरे को माल्यार्पण किया और संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए वैवाहिक जीवन की मंगल शुरुआत की। इस अवसर पर भंते द्वारा जयमंगल अठगाथा एवं 'सब्बे सत्ता सुखी होन्तु' का पाठ करवाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः मंगलमय और आध्यात्मिक हो गया। समारोह में उपासक अजय कुमार बौद्ध, उपासक धर्मपाल सिंह शीला तथा उपासक गजेंद्र सिंह बौद्ध (उप-प्राचार्य) द्वारा पुष्प वर्षा कर नवदम्पति को आशीर्वाद प्रदान किया गया। उपस्थित समाजबंधुओं ने नवदम्पति को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। नवदम्पति को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।

### समाजसेवी छत्र सिंह बोथरा का सम्मान

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में युवा विकास समिति के संरक्षक छत्र सिंह बोथरा के निवास स्थान पर राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, मंत्री विनोद भाटिया, उप मंत्री शिव भगवान सोनी, संरक्षक रतनलाल बारूपाल , मदन दाधीच, सांवरमल सुथार, श्रवण सैनी के सान्निध्य में बोथरा को अभिनंदन पत्र, शॉल, साफा, दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बोथरा ने राजलदेसर युवा विकास समिति के लगातार कस्बे में निस्वार्थ भाव से जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी प्रशंसा की एवं भविष्य में उन्होंने कहा कस्बे के अंदर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंद परिवार का हो उसकी लड़की की शादी में एवं राशन सामग्री सरकारी विद्यालय में सहयोग के लिए हमेशा में तैयार रहूंगा उन्होंने राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक बड़ा वाटर कूलर लगाने की घोषणा की जो एक-दो दिनों के अंदर लग जाएगा । साथ ही आगामी सर्दी के मौसम में हर वर्ष की तरह नवंबर माह में जरूरतमंद परिवारजनों को ढाई हजार कंबल वितरण करने की घोषणा की इससे पहले भी बोथरा के द्वारा लगातार 3 वर्षों में कंबल वितरण का कार्यक्रम जारी है साथ ही जरूरतमंद की सेवा भी इनके द्वारा लगातार की जा रही है इस अवसर पर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल मंत्री विनोद भाटिया ने बोथरा का आभार जताया एवं भविष्य में भी राजलदेसर कस्बे में इसी तरह सेवा करने की कामना की।

### महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं. 1 नोहर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नोहर,** (निसं.)। निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं.1, नोहर में नवीन शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा नर्सरी से 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञिप्त के अनुसार प्रवेश के इच्छुक अभिभावक 14 मार्च 2026 से 23 मार्च तक शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में 25 मार्च को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शी तरीके से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया 28 मार्च से प्रारम्भकर दी जाएगी, जिससे नए सत्र की तैयारियां समय पर पूर्ण हो सकें। विद्यालय प्रशासन के अनुसार 01 अप्रैल से नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रवेश प्रभारी कपिल कुमार (वरिष्ठ अध्यापक) ने अभिभावकों से निर्धारित तिथियों में ही आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि सभी प्रक्रियाएं विभागीय नियमों के अनुसार पारदर्शी तरीके से पूर्ण की जाएगी।

### महात्मा गांधी से प्रेरणा लेते हुए दांडी मार्च यात्रा का होगा आयोजन

**नोहर,** (निसं)। आज 12 मार्च ब्रहस्पतिवार को सुबह 9 बजे स्थानीय वार्ड नं. 02 में स्थित गांधी मूर्ति चौक नजदीक बाल जी टाल के पास से भगतसिंह चौक तक दांडी मार्च यात्रा का आयोजन किया गया है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि दांडी मार्च मूल रूप से 12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से शुरू किया था, जो नमक सत्याग्रह का प्रतीक था यह यात्रा ब्रिटिश नमक कानून तोड़ने के लिए 241 मील की पैदल यात्रा थी। जिसमें 78 सत्याग्रहियों ने भाग लिया। 24 दिनों बाद 6 अप्रैल को दांडी पहुंचकर गांधी जी ने नमक बनाकर कानून भंग किया। हनुमानगढ़ की महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति ने क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं और कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया है। यह यात्रा गांधी के अहिंसा और स्वदेशी दर्शन को जीवंत करने का प्रयास है।समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने का निवेदन किया है। आयोजन स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाते हैं और युवाओं में देशभक्ति जगाते हैं। यह गांधी जी के सत्याग्रह को आज के संदर्भ में प्रासंगिक बनाता है। सभी पहुंचकर इसे सफल बनाएं।

### जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचें

**हनुमानगढ़,** (निसं.)। जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। जिला रसद अधिकारी सुनील घोड़ेला ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सभी गैस एजेंसियों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित सप्लाई की जा रही है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी की समस्या नहीं है। विभाग ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित समयावधि (25 दिन) के भीतर गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाकर संबंधित गैस एजेंसी से सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही गैस की उपलब्धता को लेकर फैल रही किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास नहीं करने की सलाह दी गई है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। गैस के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा कालाबाजारी के अंकुश के लिए टीमें गठित की गई है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमें नियमित निरीक्षण करेगी तथा टीमों को गैस की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

### ईसर-गणगौर की प्रतिमा बनाई

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में विवाहिताओं व युवतियों ने कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर गणगौर की प्रतिमा बनाएगी म्हारे दादोजी र मांडी गणगौर, दादसरा घड़ायो रंगरो झुमकड़ो सहित कई राजस्थानी लोकगीतों के साथ नवविवाहिताओं ओर युवतियों ने बुधवार की शाम गणगौर का निर्माण किया। दोपहर बाद से ही नवविवाहित युवतियां कुम्हार के घर से मिट्टी के ईसर व गणगौर की प्रतिमा बनवाकर घर लाई। ईसर (शिवजी), गणगौर (पार्वती माता) को नाचते-गाते घर लेकर आई। इस दौरान नवविवाहिताओं ने सुहाग के दीर्घायु व युवतियों ने अच्छे वर की कामना को लेकर पूजा की। वहीं गुरुवार को गौर को पानी पिलाने और घर-घर में बनौरा निकालने की रस्म शुरू होगी। बुधवार की रात से गणगौर त्योहार तक म्हारा हरा ए जंवारा राज, गेहूं लाल सर से बडा जैसे अनेक लोक गीतों की आवाज सुनाई पड़ेगी। सुबह गणगौर पूजन, शाम को पानी पिलाने व बनौरा निकालने की रस्म और रात को गीतों में महिलाएं व्यस्त रहेंगी। होली के बाद से 16 दिन तक चलने वाला पर्व है युवतियों में खास उत्साह देखने के लिए मिला।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त कल जारी होगी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का भुगतान 13 मार्च, 2026 को शाम 5 बजे गुवाहाटी (असम) से डीबीटी के माध्यम से जारी किया जाएगा। इस दौरान देशभर के पात्र किसानों को कुल 18,650 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जाएगी। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री गुवाहाटी से इस किस्त को जारी करेंगे। कार्यक्रम के अवसर पर जिले की ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को इस आयोजन से जोड़ने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# बीमा कंपनी की लापरवाही पर उपभोक्ता आयोग सख्त, 9.48 लाख रुपये क्लेम भुगतान का आदेश

■ बीमा कंपनी 1.35 लाख रुपए मानसिक संताप पेटे परिवादी को दे

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनूं ने उपभोक्ता हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए बीमा कंपनी को वाहन दुर्घटना के दावे की राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि बीमा कंपनी उपभोक्ता से प्रीमियम लेने के बाद दावे के भुगतान से बच नहीं सकती।

आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील तथा सदस्य प्रमेन्द्र कुमार सैनी की पीठ ने कुलदीप भास्कर निवासी झुंझुनूं द्वारा दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। परिवादी ने बताया कि उसकी कार का बीमा 9 लाख 50 हजार रुपये बीमित मूल्य पर कराया गया था।

13 दिसंबर 2021 को वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर आग लगने से पूरी तरह जल गया, जिसके बाद बीमा कंपनी के पास क्लेम प्रस्तुत किया गया, लेकिन कंपनी ने लंबे समय तक टालमटोल करते हुए दावा निपटान नहीं किया।

मामले की सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष प्रस्तुत सर्वेयर रिपोर्ट में वाहन को टोटल लॉस मानते हुए लगभग 9 लाख 48 हजार रुपये की क्षित आंकी गई। इसके बावजूद बीमा कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जिसे आयोग ने सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार माना।

आयोग ने अपने निर्णय में कहा कि जब बीमा कंपनी ने स्वयं वाहन का बीमित मूल्य निर्धारित कर उसी आधार पर प्रीमियम प्राप्त किया है, तो बाद में भुगतान से बचना उचित नहीं है। आयोग ने यह भी टिप्पणी की कि बीमा कंपनियों को उपभोक्ताओं के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करना चाहिए।

आयोग ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह 9 लाख 48 हजार रुपये की क्लेम राशि, परिवाद दायर करने की तिथि 6 जनवरी 2023 से भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 45 दिनों के भीतर अदा करे। साथ ही परिवादी को मानसिक पीड़ा के लिए 1 लाख 35 हजार रुपये तथा 5 हजार रुपये परिवाद व्यय के रूप में भी देने के निर्देश दिए गए है।

आयोग ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में भुगतान नहीं होने पर पूरी राशि पर 12.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लागू होगा। यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा है कि एक बीमा कम्पनी से यह उम्मीद की जाती है कि वह बीमा धारक के साथ वास्तविक और निष्पक्ष व्यवहार करेगा, न कि केवल अपने मुनाफे की परवाह करेगा।

सद्भावना का दायित्व बीमा धारक उपभोक्ता से ज्यादा बीमा कर्ता बीमा कंपनी का बनता है:- इस मामले में कंपनी ने बीमा प्रीमियम भरवाते वक्त गाडी की कीमत 9.50 लाख रुपए आंकी, जबकि दुर्घटना में गाड़ी जलने के बाद में बीमा कंपनी द्वारा नियुक्त सर्वेयर ने गाडी की कीमत 6.50 लाख रुपए ही मानी। उपभोक्ता आयोग ने इस अनुचित व्यापार व्यवहार माना है।

आयोग ने अपने फैसले में लिखा है कि न्याय हित में यह टिप्पणी करना उचित एवं आवश्यक है कि प्रायः बीमा कम्पनियां बीमा पॉलिसी जारी करते समय नियमानुसार बीमा प्रीमियम राशि उपभोक्ता से प्राप्त करती हैं और जब क्षतिपूर्ति करने का समय आता है, उस वक्त बीमा पॉलिसी की शर्तों, नियमों की आड में वाहन दुर्घटना दावा क्षतिपूर्ति राशि को चुकाने में सामान्यतः उन आधारों को लेकर आती हैं, जिन आधारों को सद्भावी रुप से सम्पूर्ण करने का दायित्व बीमाकर्ता बीमा कम्पनियों का बनता है।

क्योंकि बीमा पॉलिसी जारी करने का स्वतन्त्र रूप से अधिकार बीमा कम्पनियों का है। कोई भी उपभोक्ता अपनी स्वेच्छा से मनमर्जीपूर्वक बीमा पॉलिसी जारी नहीं करवा सकता है। इसलिए सद्भावना का दायित्व उपभोक्ता से ज्यादा बीमाकर्ता बीमा कम्पनियों पर लागू होता है।

# आयुक्त ने विभिन्न केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के आयुक्त राकेश राजोरिया ने झुंझुनूं जिले में महिला अधिकारिता विभाग के विभिन्न केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त राजोरिया ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर काउंसलरों से केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली और सेवाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कार्यालय परिसर में संचालित क्रेच का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की।

उन्होंने पन्नाधाय सुरक्षा एवं समान केंद्र का निरीक्षण कर काउंसलरों से उनके कार्यों के बारे में चर्चा की और विभागीय गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 12 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उड़ान योजना के लाभार्थियों से संवाद किया तथा सैनिटरी पैड की गुणवत्ता और उपयोगिता के बारे में जानकारी ली।

विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि आयुक्त ने झुंझुनूं का भी निरीक्षण किया और काउंसलरों से पूछा कि वे महिलाओं को किस प्रकार सहयोग प्रदान करती हैं तथा विभागीय योजनाओं का लाभ किस तरह पहुंचा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी काउंसलरों को विभाग की योजनाओं की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए ताकि जरूरतमंद महिलाओं को समय पर लाभ मिल सके।

आरकेसीएल के अंतर्गत जीएस एकेडमी में आरएससीआईटी व आरएससीएफए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं से भी उन्होंने संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं से पूछा कि वे किस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रही हैं और उनसे किसी प्रकार की फीस तो नहीं ली जा रही है। साथ ही एकेडमी संचालक को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के बाद बालिकाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कंपनी और सीए से समन्वय किया जाए। महिला अधिकारिता विभाग के स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित अमृता सहकारी बाजार (बुकतरी) का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की।

## शादी की खुशियां मातम में बदली, परिजनों पर टूटा दु:खों का पहाड़

**बीदासर** (निस)निकटवर्ती गांव ढाणी स्वामीयान के जाखड़ों की ढाणी देवली तलाई से मंगलवार की शाम प्रेम नगर जा रही एक दूल्हे की बारात के पीछे चल रही एक ब्रेजा कार के सामने अचानक गौवंश आ जाने से कार असंतुलित होकर पलट गई। जिससे दूल्हे अशोक के बड़े भाई सुरेश कुमार की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा फोटोग्राफ नरेश टेलर को बीदासर सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर नरेश की गंभीर हालत को देखते सुजानगढ़ रैफर कर दिया गया था। जहां रात्रि में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

घटना के समय कार सुरेश कुमार चला रहा था, तथा गाडी में फोटोग्राफ नरेश कुमार, राहुल उर्फ चिंटू जिला नागौर साथ में थे। जिसमें राहुल उर्फ चिंटू के हल्की चोटे आने से घायल हो गया था। बुधवार को मृतक के भाई मंगलचंद जाट की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज सीएचसी की मोर्चरी में सुरेश कुमार के रखे शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक सुरेश कुमार नागौर के अजबपुरा में सरकारी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। मृतक के दो बेटियां है। वहीं फोटोग्राफ नरेश कुमार टेलर झुझनू जिले के गांव भोडकी के रहने वाले थ। तथा काफी समय से नागौर रह रहा था। नरेश के तीन बेटियां है।

नरेश कुमार के शव का भी पोस्टमार्टम सुजानगढ़ के राजकीय चिकित्सालय में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतकों के शव अपने अपने घर पहुंचे तो परिजनों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा और खुशियां मातम में बदल गई तथा गांव में शौक की लहर छा गई।

# नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 15 को

**नोहर,** (निसं.)। त्रिनेत्र मोर्चा के तत्वावधान में स्वर्गीय मुरलीधर सरावगी एवं स्वर्गीय सुमित्रा देवी सरावगी (गुप्ता) की स्मृति में 15 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक अग्रसेन भवन, अनाजमंडी के पास नोहर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में मरीजों के लिए खून, पेशाब, सीबीसी व शुगर की जांच नि:शुल्क की जाएगी तथा कमजोर वर्ग के जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। रक्त संग्रहण का कार्य इन्द्रा चैरिटेबल ब्लड सेंटर, श्रीगंगानगर की टीम द्वारा किया जाएगा।शिविर में क्षेत्र के कई विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें डॉ. गुरकमल सिंह मान, डॉ. मुदासिर अमीन,डॉ. आकाशदीप गोयल ,डॉ. धर्मवीर कस्वां, डॉ. सुभाष सिहाग, डॉ. सरोज जाखड़ सिहाग,डॉ. याकूब मोहम्मद,डॉ. रजनीश तथा डॉ. सावरमल शर्मा (वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) सहित अन्य चिकित्सक मरीजों की जांच कर परामर्श देंगे।

शिविर में पंकज गुप्ता (प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा राजस्थान), श्रीमती शीला शेखावत (कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना), जितेन्द्र गोयल, मंगेज चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। त्रिनेत्र मोर्चा के संयोजक घनश्याम गुप्ता ने बताया कि शिविर में जांच कराने वाले सभी मरीजों को संस्था की ओर से स्व. मुरलीधर व सुमित्रा देवी सरावगी की स्मृति में एक वर्ष के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्ड भी प्रदान किया जाएगा। इस कार्ड के माध्यम से जयपुर हॉस्पिटल, नोहर में ओपीडी व ईसीजी नि:शुल्क रहेगी तथा आयुष्मान कार्ड धारकों के अपेंडिक्स, हर्निया व पित्त की थैली के ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएंगे।

इसके अलावा भर्ती मरीजों को ट्रस्ट की ओर से भोजन व दूध-दलिया नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं सिटी आई केयर हॉस्पिटल नोहर में आंखों के ऑपरेशन पर 20 प्रतिशत छूट व ओपीडी नि:शुल्क तथा मान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सिरसा में ओपीडी नि:शुल्क और जांच व भर्ती मरीजों को 20 प्रतिशत छूट दी जाएगी। संयोजक घनश्याम गुप्ता ने क्षेत्र के नागरिकों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराने व स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा में भागीदारी निभाने की अपील की है।

**श्रीमती आशा देवी पीजी कॉलेज, पाटन**
ITEP Course हेतु निम्न पदों पर नियमित नियुक्ति के लिए UGC/NCTE मानदंडानुसार अर्हता रखने वाले से आवेदन आमंत्रित हैं।
Principal - 01 & Asstt. Professors :
Hindi, English, Sanskrit, Geography, History, Pol.Sc., Sociology, Pub. Ad., Economic, Philosophy, Social Science, Maths, Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Ed. Studies, Physical Education, Art Education, Music
वेतन व भत्ते यूजीसी अनुसार
3 दिवस में अपना आवेदन भेजें।
Send your Resume on :
Email: ashacollege301@rediffmail.com
Mobile : 9413072703, 9636452703

**हेतुक दर्शित करने के लिये सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक-4
न्यायालय-पारिवारिक न्यायाधीश महोदय
स्थान- सरदारशहर
**अजय विनोद कुमार दूगड**
**बनाम अंजनी**
प्रार्थना पत्र विवाह विच्छेद याचिका
याचिका नंबर - 120 सन् 2025
बनाम
अंजली देवी दूगड़ पुत्री गब्बर साहनी पत्नि अजय विनोद कुमार दूगड निवासीनी हाल 8 Aniket society, Trikanpura patiya, ahmedabad Gujarat - 382445
आपको सूचित किया जाता है कि याचि ने इस न्यायालय के समक्ष तलाक याचिका प्रस्तुत कर आपके साथ हिन्दू रिति रिवाज से सम्पन्न हुए विवाह को विघटित कर याचि के पक्ष में तलाक की डिक्री जारी करने का निवेदन किया है। अतः आपको सूचना दी जाती है कि आप इस याचिका के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 04 माह 04 सन् 2026 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें जो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।
यह आज तारीख 06 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
सरदारशहर जिला चूरू (राज.)

# टॉपर को स्कूटी और गार्गी छात्राओं को चांदी का सिक्का देने की घोषणा

**झुंझुनूं,** (निसं)। गांवों में सरकारी स्कूलों के प्रति बढ़ते विश्वास और शिक्षा के प्रति जागरूकता की सशक्त तस्वीर इण्डाली में देखने को मिली, जब महात्मा गांधी शहीद घनश्याम राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा आयोजित सामुदायिक चौपाल में अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गांव के चौक पर आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में पुरुषों के साथ बडी संख्या में महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस नवाचार की थीम स्कूल चला समुदाय के द्वार रही, जिसने पूरे गांव को शिक्षा के उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान समुदाय की ओर से स्कूल स्टाफ का तिलक लगाकर और मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्साह और अपनत्व से भर उठा।

संस्था प्रधान सुरेन्द्र कुमार डूडी ने चौपाल को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य स्पष्ट किए और विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा शिक्षकों की दक्षता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से अधिकाधिक बच्चों को राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश दिलाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के दौरान डूडी ने एक बडी घोषणा करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपये की स्कूटी दी जाएगी, जबकि प्रत्येक गार्गी पुरस्कार प्राप्त छात्रा को चांदी का सिक्का भेंट किया जाएगा। इस घोषणा ने उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह भर दिया।

चौपाल में पूर्व सरपंच प्रेम सिंह ने समुदाय की ओर से स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की पहल को सराहनीय बताया और गांव के प्रत्येक परिवार से बच्चों को सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भेजने की अपील की। इस अवसर पर व्याख्याता अविता सांगवान ने विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान और कृषि संकाय में उपलब्ध उज्ज्वल करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला, वहीं व्याख्याता सरिता बड़सरा ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। वरिष्ठ अध्यापक सुशील कुमार ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने का भरोसा दिलाया, जबकि एनटीटी अध्यापिका प्रेरणा कालेर ने बाल वाटिका के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में शाला स्टाफ के साथ सेवानिवृत्त अध्यापक बाबूलाल, रणवीर कांटीवाल, विद्याधर बिकुनिया, भागीरथमल कांटीवाल, गिरधारी लाल, नागरमल कांटीवाल, जमनाधर पाथिर, प्रताप बिकुनिया, विजयपाल महला, मनफुल लाम्बा, ओमप्रकाश कांटीवाल, जगदीश पाथिर, फूलाराम भगत सहित विनोद शिशेन्द्र, आनंद, संदीप, विशाल और वार्ड पंच लक्ष्मी देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## क्रेशरों की उड़ती धूल, धुआं से परेशान ग्रामीणों ने धरना दिया

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना --पाटन रोड पर स्थित रायपुर मोड के पास संचालित स्टोन क्रेशरों से उड रही धूल और धुएं से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार देर रात माइनिंग जोन के रास्ते में पत्थर डालकर धरना दिया। ग्रामीणों ने मंगलवार रात करीब 12 बजे से बुधवार सुबह 3 बजे तक रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

धरनार्थियों का आरोप था कि रायपुर मोड़ क्षेत्र में संचालित स्टार स्टोन क्रेशर, वीआर स्टोन क्रेशर, एआर स्टोन क्रेशर, शेरावाली स्टोन क्रेशर, श्री कृष्णा ग्रीट कंपनी और कृष्णा स्टोन क्रेशर द्वारा पत्थरों की पिसाई के दौरान पानी का छिड़काव नहीं किया जाता। इससे पूरे इलाके में भारी मात्रा में धूल और धुआं उड़ता रहता है, जिससे आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र की सबसे बड़ी खदान मोदी माइंस में भारी ब्लास्टिंग की जाती है, जिससे आसपास के गांवों के लोग हमेशा भय के साए में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते उन्हें मजबूरन धरना देना पड़ा।सूचना मिलने पर पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में माइनिंग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर मल सैनी, श्री कृष्णा ग्रीट कंपनी के पप्पू भडाना, वीआर स्टोन क्रेशर के राजीव ठाकुर और भूप सिंह गुर्जर धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

प्रतिनिधियों ने आगे से पानी का नियमित छिड़काव कराने और समस्या का समाधान करने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।धरने के दौरान नाथुवाला से सरपंच प्रत्याशी श्योराम, महेंद्र सैनी रायपुर मोड़, पप्पू बंजारा, रामावतार इंदिरा कॉलोनी, हंसराज वर्मा बागाला, गुसाई का मठ सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या 1 नीमकाथाना (सीकर)**
क्रमांकः 31 दिनांकः 10/03/26
बनारसी देवी पत्नी स्व. ख्यालीराम जाति गुर्जर निवासी जैतपुरा पोस्ट लादी का बास तहसील पाटन जिला-सीकर राजस्थान आवेदिका बनाम अनावेदक
हर खास व आम
1. महेन्द्र कुमार गुर्जर पुत्र स्व. श्री ख्यालीराम
2. पूजा गुर्जर पुत्री स्व. श्री ख्यालीराम
समस्त जाति गुर्जर निवासीगण जैतपुरा पोस्ट लादी का बास तहसील पाटन जिला-सीकर राजस्थान
3. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा तेंगावैली पोस्ट ऑफिस तेंगावैली जिला पश्चिम कामेंग अरुणाचल प्रदेश 790115
तरतीबी अनावेदकगण
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम बाबत प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र
प्रकरण संख्याः 01/2026
पेशीः-इश्तिहार
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त आवेदिका ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया है। आवेदिका का पति स्व. ख्यालीराम पुत्र देवकरण तेंगावैली पोस्ट ऑफिस तेंगावैली जिला पश्चिम कामेंग अरूणाचल प्रदेश में रोजगार कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। जिन्होंने अपने जीवनकाल में एक बचत खाता संख्या 43376849184 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा तेंगावैली पोस्ट ऑफिस तेंगावैली जिला पश्चिम कामेंग अरूणाचल प्रदेश 790115 में संचालित कर रखा था। उक्त बैंक खाता में नॉमिनी के रूप में किसी का नाम दर्ज नहीं था। उक्त बैंक खाता में दिनांक 08.12.2025 तक 5,22,484 /- रूपये का भुगतान प्राप्त करने के लिए आवेदिका के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया है। इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति या उज्ज हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 04/05/26 को उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा उक्त प्रकरण में अग्रीम कार्यवाही कर न्यायोचित आदेश पारित किया जावेगा।
इश्तिहार आज दिनांक 10/03/26 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
नीमकाथाना सीकर (राज.)

## नीमकाथाना में भव्य रंगोत्सव आज

**पाटन** (निसं)। होली पर्व के उपलक्ष में 12 मार्च 2026 को प्रातः 9:15 बजे मिलन गार्डन, नीमकाथाना में भव्य रंगोत्सव होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर लोक संस्कृति, रंगों और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन के दौरान हरनंद शर्मा एंड पार्टी, नवलगढ़ द्वारा शानदार होली धमाल की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे माहौल पूरी तरह से होली के रंगों में रंग जाएगा। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में फूलों की होली का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बडी संख्या में लोग शामिल होकर उत्सव का आनंद लेंगे।

समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों में निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य भूपेंद्र सिंह तंवर (मावंडा), पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रवीण जाखड, निवर्तमान जिला पार्षद प्रतिनिधि राजपाल डोई तथा पूर्व सरपंच बसंत यादव (नाथा की नांगल) सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देना है।

# कैरियर जागरूकता कार्यक्रम एवं भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी

**सीकर,** (निसं)। वायुसेना चयन केंद्र, जोधपुर से आई भारतीय वायुसेना टीम ने कमान अधिकारी विंग कमांडर अभिषेक कटोच के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत कैरियर जागरूकता एवं वायुसेना की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम सीकर जिले के 3 राज बटालियन एनसीसी, सीकर के परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वायु सेना चयन केंद्र से आए अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने सभी एन सी सी कैडेट्स को विस्तारपूर्वक पूरी भर्ती प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी दी। उन्होंने शैक्षिणक योग्यता मानदंडों एवं परीक्षा के पैटर्न से संबंधित जानकारी दी गई साथ ही बच्चों को सफलता प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में अग्निवीर एवं अधिकारी पदों पर भर्ती की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस बार से भारतीय वायुसेना अग्निवीर पदों में भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 21 साल से बढ़ाकर 22 साल कर दी गई है और अग्निवीरवायु भर्ती पोर्टल पर आवेदन 10 मार्च 2026 तक खोल दिया गया है। 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास योग्य उम्मीदवार (जिसमें अंग्रेजी विषय मैं भी 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं) भर्ती पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते है। साथ ही कैडेट्स के सभी प्रश्नों के समाधान भी किए गए। कैडेट्स के द्वारा प्राप्त एन.सी.सी. ए, बी और सी प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करने पर कैडेट्स को वायुसेना में भर्ती के दौरान अतिरिक्त अंक भी प्रदान किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में भारतीय वायुसेना में करियर बनाने के प्रति गहरा उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। विद्यार्थियों को विशेष तौर पर नैतिक मूल्यों की पालना एवं विद्यार्थी जीवन के प्रति उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को अपने माता पिता, शिक्षकों और देश, समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और देश के विकास में योगदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन 5 वायुसैनिक चयन केंद्र जोधपुर से आई प्रचार टीम के जूनियर वारंट अधिकारी ए एम मुथु (यूनिट वारंट अफसर) एवं सार्जेंट हरीप्रसाद बी एस (प्रभारी मेडिकल विंग) ने किया। केरियर जागरूकता कार्यक्रम में 3 राज बटालियन एन.सी.सी. के कमान अधिकारी कर्नल जे एस लाम्बा एवं एन सी सी यूनिट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे एवं भारी संख्या में एन सी सी कैडेट्स भी उपस्थित रहे। भारतीय वायुसेना चयन केंद्र की टीम विशेष तौर पर 3 राज बटालियन एन.सी.सी. के कमान अधिकारी से भी मिली और यहां एन.सी.सी. कैंपस के बाहर वायु सेना का प्रचार होर्डिंग के नवीनीकरण का कार्य भी किया जिससे कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को देश की रक्षा क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरणा मिल सके।

3 राज बटालियन एन.सी.सी. के कमान अधिकारी कर्नल जे एस लाम्बा ने कार्यक्रम की सराहना की एवं वायुसेना चयन केंद्र जोधपुर की टीम को विशेष धन्यवाद दिया।

## कार्यशाला 14 मार्च को

**सीकर,** (निसं)। भाजपा में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला 14 मार्च को दोपहर 12.15 बजे जिला भाजपा कार्यालय में होगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच होंगे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के शीर्ष नेतृत्व, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा व मंडलों के पदाधिकारी, मंडलों के प्रभारी, मंडलों के प्रशिक्षण अभियान के संयोजक एवं सहसंयोजक रहेंगे।

**जिला क्रीड़ा परिषद-चूरू**
**बोली आमंत्रण सूचना**
एथलेटिक्स खेल में आवासीय प्रशिक्षण शिविर एवं अजमेर पुष्कर भ्रमण के दौरान भोजन व आवास व्यवस्था के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से 12.03.2026 को दोपहर 02.00 पी.एम. बजे तक बोलिया आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित अन्य विवरण राजस्थान के खरीद पोर्टल (https://sppp.rajasthan.gov.in) पर देखे जा सकते है।

| खुली बोली संख्या 04/2026 | UBN: CCH2526SSOB00040 | Rs. 6.25 lakh |
|---|---|---|

जिला खेल अधिकारी/सचिव
जिला क्रीड़ा परिषद-चूरू